# प्राइवेट अस्पताल में इलाज का दबाव

## ट्रामा सेंटर में चिकित्सकों के दलाल सक्रिय, हार्निया से पीड़ित मरीज से चिकित्सकों ने कहा- चलो प्राइवेट नर्सिंग होम

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 29 सितम्बर. जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न में चिकित्सकों के दलाल सक्रिय हैं. जहां मरीजों से इलाज के लिए मोलभाव होता हैं.**

कचनी निवासी एक वृद्ध हार्निया बीमारी का इलाज कराने जिला चिकित्सालय पहुंचा तो वहां पर्ची कटाकर एक चिकित्सक के यहां पहुंचा और अपनी समस्या चिकित्सक से बताई, तो चिकित्सक ने सलाह दिया कि तुम्हे ज्यादा परेशानी है, इस लिए तुम तत्काल हार्निया का ऑपरेशन कराओ और जिला अस्पताल में ऑपरेशन संभव नहीं है. प्राइवेट क्लीनिक में चलो तो तुम्हारा 30 हजार में ऑपरेशन कर देंगे. फिर मरीज डॉक्टर के चेम्बर से निकला और दूसरे चिकित्सक के यहां पहुंचा, तो 35 हजार फीस बताई गई. वहां से भी निराशा हाथ लगी तो बाहर टकटकी लगाये बैठा एक निजी क्लीनिक का दलाल बोला 18 हजार रूपये में हार्निया का ऑपरेशन करा दूंगा.




### 30 हजार से शुरू और 18 हजार में तय हुआ सौदा

जिला अस्पताल में कई गंभीर बीमारियों का इलाज के साथ ऑपरेशन भी नि:शुल्क में किया जाता है. लेकिन हकीकत यह है कि गंभीर बिमारियों से पीड़ित मरीजो पर डॉक्टरों सहित दलालों की गिद्ध की तरह नजर रहती है, वह मरीज को यह बताने में जुट जाते हैं कि सरकारी अस्पताल से बेहतर निजी चिकित्सालय में इलाज मिलेगा. इस मामले में भी पहले डॉक्टरों ने मरीज को प्राईवेट अस्पताल में इलाज के लिए मोटीवेट किया. एक चिकित्सक ने हार्निया के ऑपरेशन के लिए 30 हजार का खर्च बताया, तो वहीं एक दूसरे चिकित्सक ने 35 हजार, तबकि तीसरे डॉक्टर ने सहानुभूति जताते हुये 18 हजार रूपये में ही हार्निया के ऑपरेशन करने का सौदा तय कर लिया. जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न की वस्तुस्थिति और हालात को लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुष्पराज सिंह ठाकुर बेखबर हैं. जबकि डेढ़ माह पूर्व इसी चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न ने हड्डी रोग विशेषज्ञ के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे. जैसे ही सीएमएचओ बने तो जिला चिकित्सालय की बदहाल व्यवस्था को भूल गये या फिर यह कहें कि जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर की बदहाल व्यवस्था को सुधारने में नाकाम साबित हो रहे हैं.

### अस्पताल में खून से लथपथ पड़ा रहा युवक

**भिण्ड.** एक व्यक्ति को वाहन टक्कर मारकर चला गया. युवक सड़क पर बेहोश पड़ा रहा. गश्त कर रही पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया. अस्पताल में इलाज न मिलने पर युवक करीब 1 घंटे तक तड़पता रहा. नाराज लोगों ने हंगामा किया तो उसके बाद उसे ट्रामा में भेजा गया. मामला दबोह थाना क्षेत्र के देवरी गांव का है. युवक को बाइक की टक्कर की वजह से पैर और मुंह पर गहरी चोट आईं.

# रिश्वतकांड में महिला पटवारी को 3 साल कैद

- कोर्ट ने 3 साल कैद और10 हजार का जुर्माना लगाया
- लोकायुक्त ने की थी कार्रवाई

**खंडवा, 29 सितंबर. भ्रष्ट्र आचरण के मामले में जिले की पहली महिला पटवारी कंचन तिवारी को 3 साल की सजा हो गई है.**

कंचन तिवारी हरसूद क्षेत्र के निशानिया में पटवारी थीं. तब एक किसान से नामांतरण के मामले में पैसे मांगे. नहीं देने पर, नामांतरण में कई अड़ंगे डाले. रिश्वत लेने के साढे 5 साल लोकायुक्त पुलिस ने जांच की. उसने लोकायुक्त में शिकायत कर दी थी. लोकायुक्त टीम ने सारी कानूनी प्रक्रिया और सबूतों का जाल बिछाकर रिश्वतखोर महिला पटवारी कंचन तिवारी को रंगे हाथों पकड़ लिया था. विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) खण्डवा अरविन्द सिंह टेकाम ने यह फैसला सुनाया. फरियादी की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त इंदौर ने निरीक्षक राहुल गजभिये के नेतृत्व में टीम गठित कर महिला पटवारी के तहसील हरसूद स्थित कार्यालय पर फरियादी के साथ भेजा. फरियादी से जैसे ही महिला पटवारी कंचन तिवारी ने फरियादी राहुल से रिश्वत राशि रूपए दो हजार अपने हाथों में लेकर अपने बेग में रखे. वैसे ही लोकायुक्त टीम ने कंचन तिवारी को रंगेहाथों पकड़ लिया.



### आइकन बन गई थीं

कंचन तिवारी जिले में पहली महिला पटवारी होने के कारण महिलाओं के लिए आइकन बन गई थीं. फील्ड में काम करने वाले पटवारी के पद पर रहते हुए उन्होंने सुर्खियां बटोरीं.

### नामांतरण में रिश्वतखोरी

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी हरिप्रसाद बांके, एडीपीओ ने बताया ग्राम निशानिया के राहुल बांके ने 17 जनवरी 2020 को गांव में पदस्थ महिला पटवारी कंचन तिवारी की लोकायुक्त कार्यालय इंदौर में शिकायत की थी. महिला पटवारी उसके पिता से उसे प्राप्त कृषि भूमि का ऑनलाईन नामांतरण की इंट्री करने के एवज में 2500 रू रिश्वत की मांग कर रही है.

## नदी में दो युवकों की डूबने से मौत

**जबलपुर, 29 सितंबर.** बरगी थाना अंतर्गत पडरहा स्थित टेमर नदी और बरेला स्थित पड़वार तालाब में दो युवकों की डूबने से मौत हो गई. बरगी पुलिस के मुताबिक मोह. शहजाद 47 वर्ष निवासी बरियातले हनुमानताल ने सूचना दी कि ग्राम पड़रहा से रिश्तेदार कलीम, स्माईल एवं आजाद चारों भाई परिवार सहित आये थे. मोह. कलीम और मोह. आजाद दोनों टेमर नदी नहाने गये थे, नहाते समय मोह आजाद उर्फ अलीम 28 वर्ष नदी के पानी में डूब गया था, पानी में तलाश करने पर सोमवार दोपहर लगभग 2-45 बजे भाई आजाद का शव टेमर नदी में मिला.

# मजबूत कदम है स्वदेशी अभियान : देवड़ा

### उप मुख्यमंत्री देवड़ा लखेरापुरा में व्यवसायियों के बीच पहुंचे

**मंदसौर 29 सितंबर. उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि स्वदेशी अपनाओ अभियान विकसित भारत के निर्माण की दिशा में एक मजबूत कदम है.**

इस समय नवरात्रि चल रही है, दशहरा और दीपावली आने वाली है, हम सब का दायित्व है कि स्वदेशी अपनाएं और भारत को समृद्ध बनाएं. उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने यह बात रविवार को भोपाल के लखेरापुरा मार्केट के दुकानदारों के बीच जाकर कही. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि 2047 में हमारा देश विकसित राष्ट्र की श्रेणी में आए और हमारा भारत देश विश्व गुरू के रूप में स्थापित हो. उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में स्वदेशी संकल्प पत्र स्वयं भरा और दुकानदारों एवं ग्राहकों से भी अपील की कि वे भी स्वदेशी सामग्री क्रय-विक्रय का संकल्प लें. श्री देवड़ा ने उपस्थित दुकानदारों एवं उपभोक्ताओं को सामूहिक रूप से स्वदेशी अपनाने की शपथ भी दिलाई. देवड़ा ने मार्केट में स्वदेशी अपनाओ अभियान के तहत स्थानीय व्यापारी बंधुओ से भेंट कर उन्हें अभियान के संबंध में जानकारी दी और स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया. उन्होंने ग्राहकों को भी जागरूक कर स्वदेशी वस्तुएं खरीदने वालों को प्रोत्साहित किया.




# पटवारी से महिलाएं बोलीं 5 हजार बिल कैसे भरें?

## शिकायत सुनकर पीसीसी चीफ ने फोन पर जेई को फटकारा

**मोहन बड़ोदिया, 29 सितंबर. मोहन बड़ोदिया में सोमवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के काफिले को महिलाओं ने रोक लिया. पटवारी भोपाल से आगर जिले के नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी मंदिर दर्शन करने जा रहे थे.**

महिलाओं ने बढ़े हुए बिजली बिल की शिकायत की. बिल नहीं भरने पर बिजली काट दी गई. एक महिला ने बताया कि मजदूरी करते हैं चार हजार रुपए का बिल कैसे भरेंगे.

समस्या सुनने के बाद जीतू पटवारी ने फोन पर बिजली कंपनी के जूनियर इंजीनियर राहुल गौतम को फटकार लगाई. उन्होंने कहा कि वार्ड 17 और 18 लाइट काट दी है. जेई ने बताया कि राशि बकाया होने से बिजली काटी गई. पटवारी ने जेई से कहा कि जब से स्मार्ट मीटर लगे हैं, चार से पांच हजार रुपए बिल आ रहे हैं. मोहन बड़ोदिया में पदस्थ जेई राहुल गौतम ने सोमवार शाम 5 बजे बताया कि वार्ड 17 के रहवासियों द्वारा लंबे समय से बिल जमा नहीं किया जा रहा था.



पटवारी ने प्रदेश सरकार पर किसानों की उपेक्षा का आरोप लगाया. उन्होंने भावांतर योजना पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब प्रदेश में सोयाबीन की फसल ही खराब हो रही है तो किसानों को इस योजना का क्या लाभ मिलेगा. पटवारी ने सरकार से मांग की कि किसानों को प्रति बीघा 20 हजार रुपये का मुआवजा दिया जाए तभी किसानों को वास्तविक राहत मिल पाएगी, अन्यथा बाकी दावे झूठे हैं. प्रदेश के किसान संकट का सामना कर रहे हैं.



# 100 किमी की स्पीड में ट्रायल पर रामपुर नैकिन स्टेशन पहुंची रेल

- ट्रेन का स्वागत करने के लिए लोगों की दिखी भीड़

**सीधी, 29 सितंबर. ललितपुर-सिंगरौली रेल लाईन के दूसरे चरण से संबद्ध रीवा-सिंगरौली नवीन रेल लाईन का कार्य जहां तेजी के साथ चल रहा है.**

वहीं सीधी जिले के बघवार स्टेशन के पश्चात आज रामपुर नैकिन स्टेशन पर 100 किलोमीटर की स्पीड के साथ रेल ट्रायल पर पहुंची. रेल के आज ट्रायल पर आने की सूचना पूर्व से होने के कारण काफी संख्या में लोग रेल का स्वागत करने के लिए मौजूद थे. रामपुर नैकिन रेलवे स्टेशन पर रेल के पहुंचते ही लोगों के चेहरे में खुशी दौड़ गई. इस मौके पर सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह पल रामपुर नैकिन ही नहीं समूचे जिले के लिए ऐतिहासिक है. दशकों से लोग रेल पहुंचने का इंतजार कर रहे थे. अब वह घड़ी आ चुकी है कि जब सीधी का यह इलाका रेल नेटवर्क से जुड़ने वाला है. रेलवे विभाग ने जिस तरह से कार्य को गति दी है उसके लिए ग्रामीण जनता आभार व्यक्त कर रही है.

रेलवे विभाग के अभियंता सिद्धार्थ पटेल ने जानकारी दी कि रामपुर का रेलवे तक कार्य पूर्ण होने के बाद पहले भी धीमी गति से इंजन के आने की टेस्टिंग हो चुकी थी लेकिन इस बार अंतिम टेस्ट में 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से इंजन को चलाया गया.

### 1713 करोड़ का बजट फिर स्वीकृत

ललितपुर-सिंगरौली रेल लाइन को लेकर फिर बड़ा बजट स्वीकृत हुआ है. जिससे रेल का काम तेजी से चलता रहे. लंबे इंतजार के बाद ललितपुर, सतना, रीवा, सिंगरौली रेल प्रोजेक्ट को इस बार केंद्र से 1713 करोड़ का बूस्ट मिला है. बजट काफी आने के बाद अब काम में और तेजी आएगी. सांसद डॉ. राजेश मिश्रा के अथक प्रयास से जिले की जनता को रेल की सौगात मिलने की ज्यादा उम्मीद दिख रही है. अब तक रामपुर नैकिन तक ट्रेन का ट्रायल हो चुका है. जानकारी के अनुसार 8914 करोड़ का पूरा प्रोजेक्ट था जिसमें वित्त वर्ष 2022-23 और 2023-24 में इस परियोजना के लिए करीब 7000 करोड़ रुपए सालाना आवंटित किया जा चुका है.

## नाले में दिखा मगरमच्छ ग्रामीणों में फैली दहशत

**श्योपुर.** जिले के राडेप गांव में एक मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई. मगरमच्छ गांव के नाले के पास देखा गया. ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को इसकी सूचना दी, लेकिन विभाग की ओर से कॉल रिसीव नहीं किया गया. ग्रामीणों के अनुसार, मगरमच्छ काफी देर तक नाले के किनारे मौजूद रहा. गांव के युवाओं ने उस पर नजर रखी. ग्रामीणों को आशंका थी कि मगरमच्छ गांव की ओर बढ़ सकता है और किसी पर हमला कर सकता है. कुछ देर बाद मगरमच्छ नाले के पानी में चला गया और फिर दिखाई नहीं दिया. इस घटना के बाद से ग्रामीणों में भय का माहौल है. वन विभाग को सूचित किया गया.

# 60 लीटर अंग्रेजी शराब सहित बोलेरो वाहन किया जब्त

**सीधी 29 सितंबर. पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी कमर्जी उप निरीक्षक विवेक द्विवेदी के नेतृत्व में अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई की गई.**

मुखबिर से प्राप्त सूचना पर ग्राम अदयपुर रोड पर घेराबंदी की गई. इस दौरान बिना नंबर की सफेद बोलेरो वाहन आती दिखी, जिसे रोकने पर वाहन चालक एवं उसका साथी खेतों की ओर भागकर फरार हो गए. वाहन की तलाशी में 05 पेटी कुल 120 कैन, लगभग 60 लीटर अंग्रेजी शराब पावर 10000 बियर, कीमत करीब 24,000 बरामद की गई. बोलेरो अनुमानित कीमत 10 लाख सहित शराब को मौके पर जप्त कर थाना लाया गया तथा प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया. इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक विवेक द्विवेदी, सहायक उप निरीक्षक मनोज वर्मा, केसरी पाण्डेय एवं आरक्षक शुभम सिंह की सक्रिय भूमिका रही. नवागत पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी ने पदभार ग्रहण करते ही जिले में अवैध नशे एवं तस्करी के विरुद्ध सख्त अभियान प्रारंभ किया है.

# 13 करोड़ 58 लाख की फीस राशि जारी

### जिले के 654 स्कूलों के 23387 विद्यार्थियों को लाभ

**जबलपुर, 29 सितंबर. शिक्षा अधिकार अधिनियम अंतर्गत अशासकीय विद्यालयों में नि:शुल्क अध्ययनरत विद्यार्थियों की फीस प्रतिपूर्ति की राशि जिला स्तर पर जारी की गई है.**

जानकारी के अनुसार जबलपुर जिले में 23, 387 विद्यार्थियों की 654 स्कूलों को 13, 58, 47, 081 की राशि सोमवार को मुख्यमंत्री द्वारा जारी की गई है. सोमवार को जिला स्तर पर स्मॉल वंडर सीनियर सेकेंडरी स्कूल बल्देवबाग में शिक्षा अधिकार अधिनियम अंतर्गत निःशुल्क अध्ययनरत बच्चों की फीस प्रतिपूर्ति का सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा राशि जारी करने के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती पूजन के साथ हुआ.

### 489 करोड़ रुपए की राशि दी

इस मौके पर मुख्यमंत्री द्वारा पूरे प्रदेश में 20, 000 से अधिक स्कूलों में शिक्षा अधिकार अधिनियम अंतर्गत निःशुल्क अध्यनरत 8.45 लाख विद्यार्थियों की फीस प्रतिपूर्ति की 489 करोड़ रुपए की राशि जारी की. कार्यक्रम में डीपीसी योगेश शर्मा के द्वारा शिक्षा अधिकार अधिनियम अंतर्गत निःशुल्क अध्यनरत बच्चों एवं उनके अभिभावकों से संवाद भी किया गया. जिस दौरान सभी अभिभावकों ने स्कूल की कार्यप्रणाली, गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं पर संतोष जताया. इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दीं गईं. इस अवसर पर जिला प्रोग्रामर पारूल राय, बीआरसी डीसी अहिरवार, बीएसी अजय रजक, विद्यालय प्राचार्य विलियम डायस, संतोष ठाकुर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, छात्र-छात्राएं अभिभावक उपस्थित रहे.

# श्रद्धालुओं के लिए पुख्ता व्यवस्था के निर्देश दिए

## कलेक्टर ने निगम आयुक्त के साथ मेले की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**ग्वालियर, 29 सितंबर. नवदुर्गा महोत्सव के अवसर पर पवित्र शीतला माता मंदिर पर लगने वाले मेले की व्यवस्थाओं का कलेक्टर रुचिका चौहान ने नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय एवं अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया.**

उन्होंने अष्टमी व महानवमी को ध्यान में रखकर श्रद्धालुओं के लिए पुख्ता व्यवस्था करने के निर्देश अधिकारियों को दिए. कलेक्टर ने कहा कि अष्टमी व महानवमी के अवसर पर शीतला माता मंदिर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण माता के दर्शन के लिये आते हैं. दर्शन के लिये आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिये सभी आवश्यक प्रबंध करें.

निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसर में भी आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसका भी विशेष ध्यान दिया जाए. कलेक्टर चौहान एवं नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने शीतला माता मंदिर पहुंचकर माता के दर्शन कर पूजा- अर्चना भी की.

उन्होंने कहा कि अष्टमी व महनवमी के दौरान देर रात तक श्रद्धालु मंदिर पहुँचते हैं. मंदिर पहुँचने के मार्ग पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था हो, इसके लिये नगर निगम अपने क्षेत्र में एवं पंचायत अपने क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करें.

## रावण दहन कार्यक्रम के लिए महापौर ने किया ग्राउंड निरीक्षण

**सतना, 29 सितंबर.** नगर में विजयादशमी पर्व पर आयोजित होने वाले रावण दहन कार्यक्रम की तैयारियाँ जोरों पर हैं. इसी क्रम में आज कलेक्टेड के पीछे बिहारी रामलीला समाज द्वारा आयोजित रावण दहन कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने किया. निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर महापौर ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. इस अवसर पर एसडीएम राहुल सिलाडिया, नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी, हरिप्रकाश गोस्वामी, रवि शंकर गौरी सहित नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे.

# कृतज्ञ शहरवासी की पुण्यतिथि पर माधव को करेंगे नमन

- श्रद्धांजलि सभा में प्रियदर्शनी राजे होगी शामिल

**ग्वालियर, 29 सितंबर. पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. माधवराव सिंधिया की 24वीं पुण्यतिथि पर कल 30 सितम्बर को श्रृद्धांजलि अर्पित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएगे.**

पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल एवं बालखाण्डे ने बताया कि प्रात: 09 बजे अम्मा महाराज की छत्री में माघब प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने का कार्यक्रम रखा गया है. जिसमें प्रियदर्शनी राजे सिंधिया उपस्थित रहकर श्रृद्धासुमन अर्पित करेगी. नदी गेट पर प्रात: 8 बजे माधव प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी. अम्मा महाराज की छत्री स्थित गोपाल मंदिर में सांय 5 बजे प्रसिद्ध गायक वल्लरी मोघे एवं मनीष सक्सेना एवं साथी कलाकारों द्वारा भजन प्रस्तुत कर स्वरांजली द्वारा स्व. माधवराव सिंधिया के प्रति श्रृद्धांजलि अर्पित की जाएगी . इस अवसर पर चारों धर्मो के गुरू संत कृपाल सिंह, शहर काजी अब्दुल अजीज कादरी, रमेश लाल, क्रिश्चियन समाज के मुख्य पादरी एवं सिख्ख समाज के गुरू बलजीत सिंह को शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया जायेगा. 1000 बिस्तरों के अस्पताल पर मरीजों को भोजन वितरण, महाराज बाड़े पर दरिद्र नारायण को भोजन वितरण एवं गोले का मंदिर स्थित नेत्रहीन कन्या छात्रावास में भोजन वितरण किया जाएगा. दीनदयाल नगर स्थित अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा. एमआईटीएस विश्वविद्यालय में स्व. सिंधिया को पुष्पांजली एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा. सेवा भारती महानगर ग्वालियर के तत्वाधान में 1000 कन्याओं का पूजन का कार्यक्रम छतरी मंडी हॉकी स्टेडियम मैदान में आयोजित किया जाएगा.



### सत्येंद्र शर्मा कुष्ठ आश्रम में करेंगे फल वितरण

भाजपा महानगर ग्वालियर के जिला मंत्री सत्येंद्र शर्मा ने बताया कि माधवराव सिंधिया की पुण्यतिथि पर कल 30 सितंबर को सुबह 8 बजे मानव सेवा कुष्ठ आश्रम, एबी रोड बहोड़ापुर ग्वालियर में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी फल वितरण किया जाएगा एवं सुबह 9 बजे कटोरा ताल छत्री पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी एवं शाम 5 बजे छत्री पर भजन संध्या आयोजित की जाएगी. उन्होंने सभी शहरवासियों से उपस्थिति का आग्रह किया है. स्व. माधवराव सिंधिया की पुण्यतिथि पर प्रात: 9 बजे सभी कांग्रेसजन कांग्रेस भवन शिंदे की छावनी पर एकत्र होकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव के नेतृत्व में नदीगेट स्थित माधव प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर माल्यर्पण कर श्रृद्धांजलि अर्पित करेंगे.

**सेवा पखवाड़ा** कन्या महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल

# बेहतर भविष्य के लिए स्वास्थ्य की जांच आवश्यक

**रीवा, 29 सितम्बर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि बेहतर भविष्य के लिये स्वास्थ्य की जांच आवश्यक है.**

सेवा पखवाड़ा अन्तर्गत स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान में लगाये जा रहे स्वास्थ्य शिविर में सभी किशोरी बालिकाएँ तथा महिलाएं अपने स्वास्थ्य की जांच अवश्य करायें और शिविर का लाभ लें. कन्या महाविद्यालय में स्वास्थ्य शिविर में किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई. कन्या महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ रहने पर ही सुखी रहा जा सकता है. इस लिए आवश्यक है कि शरीर की जांच हो तथा यदि कोई बीमारी निकले तो उसका उपचार हो सके.



उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य शिविर में किशोरी बालिकाओं के आभा (आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउण्ट) कार्ड बनाये जा रहे हैं जिसमें जांच का विवरण रहेगा और चिकित्सक संबंधित को उचित परामर्श दे सकेंगे. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान निःशुल्क जांच एवं जागरूकता का अभियान है जिसका लाभ हर किशोरी बालिका अवश्य ले कार्यक्रम में सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि किशोरी बालिकाएँ स्वस्थ रहने के लिये नियमित दिनचर्या अपनायें, भरपूर नीद लें तथा मानसिक स्वास्थ्य के लिये मोबाइल का उपयोग कम करें. इससे पूर्व स्वागत उद्बोधन प्राचार्य डॉ. विभा श्रीवास्तव ने दिया. कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ला, डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी मौजूद रहे.

# क्राइम ब्रांच ने 21 किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

- आठ लाख से अधिक कीमत का माल जब्त

**इंदौर, 29 सितंबर. शहर में नशे के खिलाफ चल रही मुहिम के तहत क्राइम ब्रांच पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक आरोपी को दबोच लिया.**

आरोपी के कब्जे से करीब 21 किलो 505 ग्राम गांजा और एक चारपहिया वाहन जब्त किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब आठ लाख रुपए आंकी गई है. एडीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि कार्रवाई चैतन्य हनुमान मंदिर के पास एमआर-4 रोड पर की गई. जांच के दौरान पुलिस को एक चारपहिया लोडिंग वाहन में संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया. पुलिस को देखकर घबराए आरोपी की पहचान गोरेलाल निंगवाल निवासी ओखलेश्वर, खरगोन के रूप में हुई. तलाशी में वाहन से गांजा बरामद हुआ. पूछताछ में आरोपी ने कबूला कि वह सस्ते दामों पर गांजा खरीदकर इंदौर में नशे के आदि लोगों को महंगे दामों पर सप्लाई करता था. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर वाहन सहित मादक पदार्थ जब्त कर लिया है. एडीसीपी का कहना है कि आरोपी से पूछताछ जारी है.